पानी नापाक नहीं होता।

अब्दुल्लाह बिन अब्बास -अल्लाह उनसे प्रसन्न हो- कहते हैं कि नबी -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- की एक पत्नी ने एक बड़े बरतन के पानी से स्नान किया और उसके बाद नबी - सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- उसी पानी से वज़ू अथवा स्नान करने के लिए आए, तो उन्होंने कहा : ऐ अल्लाह के रसूल, मैं अपवित्र थी! यह सुन अल्लाह के रसूल -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- ने फ़रमाया : "पानी नापाक नहीं होता।" [सह़ीह़] [इसे इब्ने माजा ने रिवायत किया है । - इसे तिर्मिज़ी ने रिवायत किया है। - इसे अबू दाऊद ने रिवायत किया है।]

https://sunnah.global/hadeeth/hi/show/8360